RAF SECTOR
NEWS CLIP
29/10/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar, Jamshedpur (JKD)

सुंदरनगर में रैफ के जवानों ने भ्रष्टाचार मुक्ति की शपथ ली

जमशेदपुर | सतर्क भारत, समृद्ध भारत विषय पर 106 बटालियन रैफ सुंदरनगर की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह चल रहा है। यह 27 अक्टूबर से लेकर 2 नवंबर तक चलेगा। इस अवसर पर बटालियन के कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह ने जवानों और अधिकारियों को सत्यनिष्ठा और भ्रष्टाचार से मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम सभी मिलकर भ्रष्टाचार को सभी क्षेत्रों से समाप्त करते हुए नए भारत का निर्माण करें। अभियान के तहत अधिकारी व जवान बैनर व हैंडआउट के जरिए समाज को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। बटालियन की ओर से व्यांगबिल, कुदादा, लटकुगुड़ा व कदमडीह आदि क्षेत्रों में भ्रष्टाचार मिटाने के लिए जागरूक किया जाएगा।

Dainik Jagran, Jaypur (RJ)

दिव्यांगो के लिए कौशल विकास के कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रोहन शर्मा /आमेर राजधानी जयपुर के आमेर लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से दिव्यांगों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बटालियन कल्याण केन्द्र (कावा) की ओर से भारत सरकार एवं महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 83 बटालियन कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में दिव्यांगों के कौशल विकास के लिय विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सर्वप्रथम (कावा) अध्यक्षा जागृति सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, जवानों, कार्मिकों के परिवारजनो, कैम्पस के आस-पास के क्षेत्र के अभिभावक, दिव्याग बच्चों और महिलाओं का कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया। केन्द्र सरकार द्वारा चलाई गई दिव्यांगो के कौशल विकास योजना के महत्व को समझाया गया। दिव्यांगो के कौशल विकास के लिय कढाई, बुनाई, चित्रकला के लिय प्रेरित करना, दिव्यांगो के प्रति सभी का सम्मान जनक भाव, मदद पूर्ण सहयोग के प्रति प्रोत्साहित करना, दिव्यांगो के बच्चो को सिलाई कटाई व ब्युटी पार्लर व्यवसाय को प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी देने का काम किया। कार्यक्रम के तहत दिव्यांगो के बच्चो को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास, रूची के अनुरूप स्वरोजगार, डिजिटल शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में कावा अध्यक्षा जागृति सिंह के साथ सपना महला पायल, आरएएफ के अधिकारी, और जवान मौजूद रहे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।